# आकाशवाणी, गोरखपुर

**<u>दिनांक–29 जुलाई 2025</u>** **<u>सान्ध्य समाचार</u>**

संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर आज भी विशेष चर्चा जारी रही। लोकसभा में हुई विशेष चर्चा में हिस्सा लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प के साथ जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की।

गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सात मई को शुरू किया गया और रात एक बज कर चार मिनट से एक बज कर चौबीस मिनट के बीच इसे संचालित किया गया। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया और सौ से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। यह कार्रवाई पाकिस्तान की सीमा के एक सौ किलोमीटर अंदर तक की गई और इस हमले में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं मारा गया। गृहमंत्री ने पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम की आलोचना की।

***ये कहते हैं कि पाकिस्तानी नहीं थे इसका मतलब पूरी दुनिया के सामने इस देश का एक पूर्व गृहमंत्री पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है। श्री चिदम्बरम अगर पाकित्सानी आतंकवादी नहीं थे, तो पाकिस्तान पर हमला क्यों किया, वो भी सवाल खड़ा कर रहे हैं।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में वहां के सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में प्रस्तावित जनसभा स्थल का आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने आज ही प्रयागराज जिले का भी दौरा किया। वहां उन्होंने सर्किट हाउस में विन्ध्यांचल और प्रयागराज मंडल के विकास योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में दोनों मंडलों के जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ लोक निर्माण विभाग, नगर विकास और पर्यटन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

नागपंचमी का पर्व प्रदेश के सभी जिलों में श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भगवान भोलेनाथ और नाग देवता की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। नागपंचमी के अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा विभिन्न जिलों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन भी किए जा रहे है। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय राज्य कुश्ती प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलवानों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल और खेल गतिविधियों में पिछले ग्यारह वर्ष के दौरान व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये खेलो इण्डिया कार्यक्रम ने प्रदेश के खेल प्रतिभाओं को उभारने का कार्य किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा संचालित होने वाली योजनायें भी गिनायीं।

**********

राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के लागू हुए आज पांच वर्ष पूरे हो गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहे। एक रिपोर्ट–

***निपूर्ण भारत और विद्या प्रवेश जैसी पहलों से लगभग नौ लाख विद्यालयों के चार करोड़ से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। वहीं, भारतीय सांकेतिक भाषा पर एक हजार से ज्यादा वीडियो और टॉकिंग बुक्स विकसित की गई है। 5334 संरचना और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 अनुभवात्मक और योग्यता आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में अब पचास प्रतिशत योग्यता आधारित प्रश्न शामिल हैं और वहीं, विद्यार्थी विषय का चुनाव दो स्तरों पर कर सकते हैं। निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चार लाख से ज्यादा शिक्षकों को भी प्रशिक्षति किया गया है। बाल वाटिका, जादुई पिटारा और प्रशस्त ऐप जैसी अन्य पहलों ने बहुभाषी, समावेशी और समग्र शिक्षा को बहुत अधिक बढ़ावा दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक ऐसी नीति का निर्माण कर रही है, जहां प्रत्येक शिक्षार्थी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आदर्श की रिपोर्ट के साथ, अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस है। यह दिन बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और दुनिया भर में उनके संरक्षण के प्रयासों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष उन्तीस जुलाई को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है।

**********